हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live &
dkunews24

वर्ष : 01 अंक–113 : जौनपुर, शुक्रवार 30 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## पीएम मोदी की मां हीराबेन का निधन : सीएम योगी समेत तमाम नेताओं ने जताया शोक

लखनऊ ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी हीराबेन के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा प्रमुख मायावती ने भी ट्वीट कर दुख जताया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर कहा कि एक पुत्र के लिए मां पूरी दुनिया होती है। मां का निधन पुत्र के लिए असहनीय और अपूरणीय क्षति होती है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की पूज्य माता जी का निधन अत्यंत दुःखद है। प्रभु श्री राम दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें। ६ शांति! उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की पूज्य माता श्रीमती हीराबेन जी का निधन अत्यंत दुःखद है। प्रभु श्रीराम जी से प्रार्थना करता हूं कि पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें, शोक की इस घड़ी में प्रधानमंत्री जी, परिजनों, शुभचिंतकों व समर्थकों को संबल प्रदान करें। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ट्वीट कर कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूज्य माता जी के अत्यंत दुःखद निधन से स्तब्ध व दुखी हूं। प्रभु श्री राम जी से प्रार्थना है



कि गोलोकवासी पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें। वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की माताजी आदरणीय श्रीमती हीराबेन मोदी जी का निधन, अत्यंत दुःखद। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं। भावभीनी श्रद्धांजलि।

## पांच एमएलसी सीटों पर 30 जनवरी को वोटिंग : दो फरवरी को आएंगे नतीजे : 39 जिलों में आचार संहिता लागू

लखनऊ ब्यूरो : विधान परिषद की शिक्षक और स्नातक क्षेत्र की पांच सीटों पर चुनाव के लिए मतदान 30 जनवरी को होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को चुनाव कार्यक्रम जारी किया। नामांकन 12 जनवरी तक दाखिल किए जाएंगे और मतगणना दो फरवरी को होगी। परिषद चुनाव की घोषणा के साथ ही इसके दायरे में आने वाले 39 जिलों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। गोरखपुर–फैजाबाद खंड स्नातक, कानपुर खंड स्नातक, बरेली–मुरादाबाद खंड स्नातक, इलाहाबाद झांसी खंड शिक्षक और कानपुर खंड शिक्षक में चुनाव के लिए पांच जनवरी को अधिसूचना जारी की जाएगी। पांच से 12 जनवरी तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। 13 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 16 जनवरी तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। बता दें कि गोरखपुर–फैजाबाद खंड स्नातक से एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह, कानपुर खंड स्नातक से अरुण पाठक, बरेली–मुरादाबाद खंड स्नातक से डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, इलाहाबाद झांसी खंड शिक्षक से सुरेश कुमार त्रिपाठी और कानपुर खंड शिक्षक से राजबहादुर सिंह चंदेल का कार्यकाल 12 फरवरी को पूरा हो रहा है। 39 जिलों में आचार संहिता लागू विधान परिषद की शिक्षक एवं स्नातक खंड की पांच सीटों के चुनाव के मद्देनजर




प्रदेश के 39 जिलों में आचार संहिता लागू की गई है। प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी, ललितपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, संभल, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर, गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ, सुल्तानपुर, अयोध्या, अमेठी और अंबेडकर नगर में 4 फरवरी तक आचार संहिता लागू रहेगी।

## न्यू छिवकी से सुजातपुर तक के फ्रेट कॉरिडोर पर आज होगा ट्रायल : 63 किमी लंब है रूट

प्रयागराज ब्यूरो : भारतीय रेलवे की वैश्विक पहचान बने ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी) के न्यू छिवकी से न्यू सुजातपुर तक मालगाड़ी का ट्रायल शुक्रवार को होने जा रहा है। 63 किलोमीटर लंबे इस रेलखंड पर ट्रायल सुबह 10.30 बजे होगा। इस दौरान फ्रेट कॉरिडोर के नवनिर्मित यमुना पुल पर भी मालगाड़ी दौड़ेगी। कुछ दिन पूर्व ही फ्रेट कॉरिडोर के न्यू छिवकी से इंरादतगंज तक रेलवे की ओर से मालगाड़ी का संचालन शुरू किया गया था। इसी कड़ी में इसका दायरा सुजातपुर तक बढ़ाया जा रहा है। ट्रायल में ईडीएफसी के साथ उत्तर मध्य रेलवे के अफसर भी शामिल होंगे। बता दें कि दो वर्ष पूर्व 29 दिसंबर को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रेट कॉरिडोर के 351 किलोमीटर लंबे रेल खंड न्यू खुर्जा से न्यू भाऊपुर डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का वर्चुअली उद्घाटन किया था। अब इसका दायरा ट्रायल के बाद न्यू खुर्जा से न्यू चुनार तक हो जाएगा। सुजातपुर से न्यू छिवकी के बीच मालगाड़ी की आवाजाही शुरू होने के बाद प्रयागराज को एक रेल बाईपास की भी सौगत मिल जाएगी। मन्नू प्रकाश ने अपर महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला वरिष्ठ आईआरटीएस अधिकारी मन्नू प्रकाश दुबे ने डीएफसी प्रयागराज में अपर महाप्रबंधक परिचालन एवं व्यवसाय विकास का पदभार ग्रहण कर लिया है। वह पूर्वी डेडीकेटैड फ्रेट कॉरिडोर के संचालन प्रभारी होंगे। मन्नू प्रकाश 2008 बैच के अधिकारी हैं और कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुके हैं। ट्रेनों के फेरे बढ़ाए गए रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए तीन जोड़ी ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके अनुसार सूबेदारगंज–उधमपुर सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन चलेगी। सूबेदारगंज से ट्रेन दो से 30 जनवरी के बीच प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को चलेगी। उधमपुर से ट्रेन तीन से 31 जनवरी के बीच प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को चलेगी। दादर से बलिया के बीच ट्रेन दो जनवरी से 27 फरवरी के बीच सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को चलेगी। बलिया से दादर के लिए ट्रेन चार जनवरी से एक मार्च के बीच बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को चलेगी। दादर से गोरखपुर के लिए ट्रेन एक जनवरी से 28 फरवरी के बीच सप्ताह में चार दिन मंगलवार, बृहस्पतिवार, शनिवार एवं रविवार को चलेगी। वहीं गोरखपुर से दादर के बीच ट्रेन तीन जनवरी से दो मार्च के बीच सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को चलेगी। दादर–बलिया एवं दादर–गोरखपुर ट्रेन का दुरियागंज स्टेशन पर ठहराव करने का भी निर्णय लिया गया है।

## निकाय चुनाव में आरक्षण पर हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची योगी सरकार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में पिछड़े वर्ग को आरक्षण देने को लेकर योगी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है. आज यूपी सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के फैसले के खिलाफ स्पेशल लीव पिटिशन दायर की है जिस पर 2 जनवरी को कोर्ट खुलने के बाद होगी सुनवाई होगी। अपर महाधिवक्ता विनोद शाही ने बताया कि आधिकारिक तौर पर सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी को फाइल कर दिया गया है। अगामी 2 जनवरी को जैसे ही कोर्ट खुलेगी तो तत्काल जल्द से जल्द सुनवाई करने के लिए सुबह ही अनुरोध किया जाएगा। दरअसल, 5 दिसंबर को उत्तर प्रदेश सरकार ने नगर निकाय चुनाव की आरक्षण सूची जारी की थी। जिसमें ओबीसी और एससी–एसटी के लिए सीटें आरक्षित की गई थीं. इस आरक्षण के खिलाफ हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका दायर की गई, जिसमें कहा गया कि ओबीसी आरक्षण देने में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जिस ट्रिपल टेस्ट को आवश्यक बताया गया था, उसका पालन नहीं हुआ है. मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 27 दिसंबर को प्रदेश में निकाय चुनाव जल्द चुनाव कराने का आदेश दिया। साथ ही राज्य सरकार की के ओबीसी आरक्षण को लेकर नोटिफिकेशन को भी रद्द कर दिया था।

## विशेषज्ञों की चेतावनी को दरकिनार कर फैला खतरा : फिर से इटली पहुंचा वेरियंट

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : चीन में कोरोना से हालात बदतर होते जा रहे हैं. इसे देखते हुए ताइवान ने 1 जनवरी से चीन से लौटने वाले यात्रियों के लिए RT–PCR टेस्ट जरूरी कर दिया है। अमेरिका में भी 5 जनवरी से चीन से आने वाले सभी यात्रियों की निगरानी की जाएगी. लोगों को नेगेटिव कोरोना टेस्ट, राष्ट्रीयता और वैक्सीनेशन का प्रमाण देना होगा. जापान पहले ही चीन से लौटे यात्रियों के लिए कोरोना टेस्ट मैंडेटरी कर चुका है। भारत और मलेशिया ने भी कई प्रतिबंध लगाए हैं। चीन से इटली पहुंचने वाली दो फ्लाइट्स में आधे से ज्यादा यात्री कोरोना संक्रमित पाए गए. जहां एक फ्लाइट में 38% यात्री पॉजिटिव थे, वहीं दूसरी में 52% लोग पॉजिटिव मिले. दरअसल, इटली चीन से आए सभी लोगों की कोरोना जांच कर रहा है। जापान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में कल 438 लोगों की मौत हुई और 2 लाख 16 हजार से ज्यादा मामले सामने आए। इनमें सबसे ज्यादा 20 हजार 243 मामले राजधानी टोक्यो में मिले. वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के मुताबिक, पिछले एक हफ्ते में चीन के बाद जापान में ही सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं चीन से बड़ी संख्या में लोग थाईलैंड छुट्टी मनाने जा रहे है जिससे वहां भी खतरा बढ़ने की आशंका है।

## फर्जी सर्टिफिकेट्स के आधार पर मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन मामले में सीबीआई ने 91 जगहों पर मारा छापा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : भारत के 14 राज्यों में अपात्र विदेशियों को फर्जी तरीके से मेडिकल प्रैक्टिस के लिए लाइसेंस देने के मामले में CBI ने कार्रवाई की है. आज ब्ठप् ने इस मामले में 91 स्थानों पर छापेमारी की. ये छापे विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मारे गए। छापेमारी में एजेंसी ने FMGE (फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एग्जाम) के फर्जी प्रमाणपत्र सहित कई संदिग्ध दस्तावेज भी बरामद किए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की शिकायत पर ब्ठप् ने इस मामले में जांच शुरू की है. CBI ने 14 स्टेट मेडिकल काउंसिल और 73 विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स के खिलाफ केस दर्ज किया है. इन उम्मीदवारों ने FMG परीक्षा पास किए बिना भारत में मेडिकल प्रैक्टिस करने की अनुमति दे दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन ने स्वास्थ्य मंत्रालय को इस बारे में जानकारी दी थी. मंत्रालय ने बताया कि 2011–22 में रूस, यूक्रेन, चीन और नाइजीरिया जैसे देशों से MBBS करने वाले 73 मेडिकल ग्रेजुएट्स ने FMG परीक्षा पास नहीं की है. बावजूद इसके उन्हें विभिन्न राज्य चिकित्सा परिषद ने मेडिकल प्रैक्टिस के लिए लाइसेंस दे दिया।

## दिल के दौरे के कारण मृत्यु दर में कमी लाने के लिए बुजुर्ग आबादी की अतिरिक्त देखभाल जरूरी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊः जैसे ही हम 2023 की भोर में पहुंचते हैं और पिछले साल हृदय रोगियों की देखभाल और प्रगति को पीछे जाकर देखने की कोशिश करते हैं, हमें देश में हृदय रोगियों की बढ़ती संख्या का एहसास होता है. हम इस आबादी में हाई रिस्क और अधिक मृत्यु दर को भी समझते हैं। इसका मतलब है कि हमें कार्डियोलॉजिस्ट के तौर पर अधिक अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी, कमियों को दूर करना होगा और अधिक तकनीकी कौशल सीखना होगा और अधिक लोगों का जीवन बचाना होगा. मरीजों के लिए ये अच्छी खबर है कि मैक्स सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, साकेत, नई दिल्ली तकनीक में सुधार कर रहा है, नई और सुरक्षित प्रक्रिया अपना रहा है और डॉक्टर्स ये महसूस करते हैं कि उनकी ये कोशिश और अधिक स्किल्स के साथ और अधिक लोगों का जीवन बचाएं. इसी को लेकर मैक्स हॉस्पिटल, साकेत के चेयरमैन–कार्डियोलॉजी (पैन मैक्स) डॉक्टर बलबीर सिंह ने पत्रकारों को संबोधित किया। मैक्स हॉस्पिटल साकेत में जो नई तकनीक अपनाई गई है और अतिरिक्त लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है, उनमें मित्रा क्लिप, क्रायोब्लेशन और खतरनाक कार्डियक रिदम की रिमोट मॉनिटरिंग का उपयोग. इन सभी नई थेरेपी के लिए अग्रणी अन्वेषक होने के नाते कई ऐसे रोगी लाभान्वित हो रहे हैं, जिनका उपचार नहीं किया जा सकता था. पहला क्रायोब्लेशन पिछले साल नवंबर महीने में एक एट्रियल फिब्रिलेशन वाले मरीज में किया गया था और करीब एक साल तक फॉलोअप में मरीज एसिम्टोमैटिक है। डॉक्टर बलबीर ने आगे कहा, "कार्डियोलॉजिस्ट्स के लिए अधिक उम्र की आबादी में गुर्दे, फेफड़े, सेरेब्रोवास्कुलर और कमजोरी जैसी को–मॉर्बिडिटी से निपटना बड़ी चुनौती है जो इन्हें कार्डियक सर्जरी




के लिए अधिक संवेदनशील बनाती है. लेकिन नवीनतम अविष्कार जो इन चिंताओं से निर्देशित हैं, प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित और सफल बनाने के लिए मिनिमली इनवेसिव इंटरवेंशन पर जोर देते हैं. हार्डवेयर के अलावा परक्यूटीनियस इंटरवेंशन (पीसीआई) में आंशिक या पूरी तरह से अवशोषित करने योग्य स्टेंट प्लेटफॉर्म पर जोर दिया जाता है. वे स्टेंट से जुड़ी घटनाएं कम करने और संभावित रूप से डुअल एंटीप्लेटलेट थेरेपी की समयावधि में कमी लाने की परिकल्पना कर रहे हैं। ऐसा अक्सर देखने में आया है कि कई मामलों में लोगों को अपने जीवनशैली विकल्प से जुड़ी समस्याएं पता थीं, इसके बावजूद उन्होंने वैसा करना जारी रखा. उम्र से हटकर समस्या के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार अनियमित नींद चक्र, खानपान की गलत आदत, तनाव, हाइपरटेंशन, प्रदूषण, हाई कोलेस्ट्रॉल, तंबाकू, शराब और भी बहुत कुछ हैं. इसलिए, मैक्स हॉस्पिटल साकेत ने जानकारी और जागरूक करने के लिए इस मंच का उपयोग करने की पहल की है कि कैसे लोग खुद को दिल की बीमारियों का शिकार बना लेते हैं. विशेषज्ञों ने ये तरीका भी बताया कि दिल के दौरे के शुरुआती लक्षण किस तरह नोटिस करें और मेडिकल सहायता के लिए नजदीकी हॉस्पिटल तक पहुंचें।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## फिराक गोरखपुरी साहित्यिक मंच पर शायरी लघुकथा स्वरचित कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : उरुवा क्षेत्र के कुशलदेइया स्थित पीएच इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पर फिराक गोरखपुरी साहित्यिक मंच के आयोजक महीप श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव,






तथा यमुनाधर त्रिपाठी ने किया तथा अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार उमर वैश्य तथा मुख्य अतिथि डॉ मदन मोहन पाण्डेय रहे। गुरुवार को शाम अनेक स्वरचित गीत कवि सम्मेलन मे लोगो को सुनाकर लोटपोट कर दिया। इस मौके पर गौतम गोरखपुरी, राकेशचंद्र त्रिपाठी, सत्येन्द्र गुप्ता, अतुल कुमार उर्फ भीम सिंह, छोटेलाल यादव, विकास गोस्वामी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## बाइक सवार के सिर में घुसी ट्रैक्टर पर लदी सरिया : मौके पर मौत

भदोही ब्यूरो : यूपी के भदोही जिले में ट्रैक्टर–ट्रॉली पर लदा सरिया बाइक सवार युवक के लिए काल साबित हुआ। ट्रैक्टर पर लदा सरिया बाइक सवार सिर में घुस गया। जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा दुर्गागंज–भदोही मार्ग पर कस्तूरीपुर में बीती रात हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार कोहरे के कारण हादसा हुआ। प्रयागराज



के सराय ममरेज निवासी मनोज बनवासी (25) पुत्र राकेश बनवासी कस्तूरीपुर के पास ही एक भठ्ठे पर काम करता था। गुरुवार रात वह किसी काम के लिए बाइक से भदोही जा रहा था। दुर्गागंज–भदोही मार्ग पर एक ट्रैक्टर–ट्रॉली सरिया लाद कर जा रहा था। सरिया ट्रॉली से पीछे बढ़ा हुआ था। स्थानीय लोगों के अनुसार कोहरा होने के कारण बाइक सवार को शायद सरिया नहीं दिखा। ट्रॉली में लदा सरिया मनोज के सिर में घुस गया। इससे अनियंत्रित होकर वह गिर गया। मौके पर जुटे लोगों ने घायल को सड़क किनारे कर पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को लेकर सुरियावां सीएचसी पहुंची। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौत की सूचना परिजनों को देते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हादसे के बाद से मनोज बनवासी के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सदा याद रहे कि दुआ कभी साथ नहीं छोड़ती और बद्दुआ कभी पीछा नहीं छोड़ती।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# उम्मीद की किरण, सत्ता–विरोधी लहर को चुनौती

बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने ओडिशा में 2000 से लगातार पांच विधानसभा चुनाव जीते हैं। लेकिन सबसे दर्शनीय और निरुत्साहित करने वाली जीत निश्चित रूप से भाजपा की है।

अतीत के अनेक चुनावों में सत्ता–विरोधी लहर को पार्टी की गर्दन पर बोझ की तरह समझा जाता था। वर्ष 1967 में जब कांग्रेस के वर्चस्ववाद का दौर खत्म हुआ और कई राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों के हाथों कांग्रेस की हार हुई, तब गैरकांग्रेसी पार्टियां सत्ता में आईं। जबकि केंद्र में गैरकांग्रेसी सरकार वर्ष 1977 में आई। राज्यों में वैकल्पिक सरकारों की शुरुआत केरल से हुई। 1990 के दशक से हम राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में वैकल्पिक सरकारें देख रहे हैं।

सत्ता–विरोधी लहर को चुनौती

अलबत्ता ऐसे एकाधिक कद्दावर नेताओं का उदाहरण हमारे सामने है, जिन्होंने सत्ता–विरोधी लहर को चुनौती दी। यानी उन पर सत्ता–विरोधी लहर का असर नहीं होता था। अन्नाद्रमुक नेता एमजी रामचंद्रन ने 1977 से 1987–यानी अपनी मृत्यु तक तमिलनाडु में लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीते। अन्नाद्रमुक ने फिर लगातार तीन बार 2011, 2016 और 2021 में विधानसभा चुनाव जीता। बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने ओडिशा में 2000 से लगातार पांच विधानसभा चुनाव जीते हैं। लेकिन सबसे दर्शनीय और निरुत्साहित करने वाली जीत निश्चित रूप से भाजपा की है, जो गुजरात में लगातार सात विधानसभा चुनाव जीत चुकी है, और वर्ष 2002 से भाजपा यह उपलब्धि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, पहले मुख्यमंत्री और फिर पार्टी के निर्विवाद सबसे बड़े नेता के तौर पर– हासिल करती आ रही है। ऐसा लगता है कि कुछ स्थितियों में, और कुछ खास नेताओं के लिए सत्ता में होना कमजोरी के बजाय उनकी ताकत साबित हुआ है। राजनीतिक विश्लेषकों, सामाजिक मनोवैज्ञानियों और चुनाव विश्लेषकों को इस प्रवृत्ति पर सावधानीपूर्वक शोध करना चाहिए।

इस मामले में मेरा सरसरी विश्लेषण यह है–

1. पांच साल तक सत्ता में रहने वाली पार्टियां चुनाव में खर्च करने के लिए अकूत मात्रा में धन इकट्ठा कर लेती हैं। यह अपेक्षाकृत नई प्रवृत्ति है। के कामराज, एस निजलिंगप्पा, के ब्रह्मानंद रेड्डी, ईएमएस नंबूदिरीपाद, हितेंद्र देसाई, वाई वी चव्हाण, मोहनलाल सुखाड़िया या ज्योति बसु जैसे दिग्गज जब सत्ता में थे, तब इस प्रवृत्ति के बारे में सुना भी नहीं गया था। 2. सत्ता में रहने वाली पार्टियां नौकरशाही, खासकर पुलिस बल, का राजनीतिकरण करने से नहीं हिचकतीं। दूसरे किसी भी राज्य की तुलना में गुजरात और उत्तर प्रदेश में यह प्रवृत्ति सबसे ज्यादा देखी जा सकती है। हाल ही में उत्तर प्रदेश के रामपुर विधानसभा के उपचुनाव में लगभग 32 फीसदी वोटिंग हुई, पर उसी राज्य के खतौली में 56 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि मैनपुरी लोकसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में करीब 53 फीसदी वोटिंग हुई। समाजवादी पार्टी का आरोप है कि पुलिस की सक्रिय भूमिका के कारण ही रामपुर में वोटिंग इतनी कम हुई।

तकनीक और ताकत का जोड़

3. चतुर और दूरदर्शी राजनीतिक पार्टियों ने अपने संगठन को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए तकनीक का प्रयोग किया है। भाजपा और कुछ दूसरी पार्टियां बूथ कमेटियां बनाने में सफल हुई हैं, ताकि मतदान के दिन चुनाव प्रबंधन किया जा सके। भाजपा तो मतदाता सूची के हर पन्ने का प्रबंधन करती है, ताकि प्रत्येक मतदाता को चुनावी बूथ तक लाया जा सके।

4. जिन सत्तारूढ़ पार्टियों का शक्तिशाली संगठन है, वे अपने संगठन को बाहुबलियों के जरिये भी मजबूत करते हैं। चुनाव से पहले दूसरी पार्टियों के मौजूदा विधायकों और कुख्यात बाहुबलियों को सत्तारूढ़ पार्टी में आने के लिए बहलाया जाता है। पैसा तो इसमें बड़ी भूमिका निभाता ही है। लेकिन पैसे से भी ज्यादा घोटालों आदि में चल रही जांच से बचाने या अभयदान देने की गारंटी भी नेताओं के दलबदल की एक बड़ी वजह है। घोटालों में फंसा नेता अगर पाला बदल कर सत्तारूढ़ पार्टी में जाता है, तो उसके खिलाफ चल रही जांच अचानक बंद हो जाती है।

5. सत्तारूढ़ पार्टी पिछले कुछ वर्षों से धर्म का इस्तेमाल ध्रुवीकरण के औजार के रूप में कर रही है। ऐसा कहीं खुले रूप में और निर्लज्ज तरीके से किया जाता है, तो कहीं बारीक रूप से। उदाहरण के लिए, भाजपा ने गुजरात में 2012, 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में, और उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव में मुस्लिम समुदाय के किसी व्यक्ति को टिकट नहीं दिया, जबकि गुजरात और उत्तर प्रदेश में मुस्लिम वहां की आबादी के क्रमशः 9.7 और 20 प्रतिशत हैं। मुस्लिम समुदाय को टिकट न देने से दूसरे समुदाय में संदेश जाता है और इससे ध्रुवीकरण को मजबूती मिलती है।

6. सत्ताधारी पार्टी के कामकाज की विफलता चुनाव प्रचार के शोर–गुल में न सिर्फ गुम हो जाती है, बल्कि भयभीत और चापलूस मीडिया सत्ताधारी पार्टी के कामकाज को बहुत शानदार तरीके से पेश करता है। स्वतंत्र मीडिया अब अतीत की बात है। वस्तुतः सभी मीडिया समूह (टेलीविजन और समाचारपत्र) कॉरपोरेट स्वामित्व वाले और उन्हीं के द्वारा नियंत्रित हैं। सोशल मीडिया तुलनात्मक रूप से आजाद जरूर है, लेकिन वहां फेक न्यूज, फेक वीडियोज, ट्रोल आदि का बोलबाला है।

विजेता हार सकते हैं

मेरा मानना है कि इन सबके अलावा हर राज्य के समाज में अलग–अलग चीजें हैं, जो वहां के लिए विशिष्ट हैं। मेरे मुताबिक, गुजरात और उत्तर प्रदेश में विचित्र किस्म की शांति और खामोशी पसर गई है। क्या यह वही खामोशी है, जिसके बारे में जॉन एफ कैनेडी ने कहा था, 'कब्र जैसी शांति और गुलामों जैसा सन्नाटा?' मुझे उम्मीद है कि ऐसा नहीं होगा। असहमति में उठे स्वरों को सरकार दबाती है, जबकि मीडिया इसका जिक्र ही नहीं करता। अगर मौजूदा प्रवृत्ति हमारे समाज को एक रहस्यमय शांति और खामोशी की ओर ले जाए, तो इसका मतलब यह होगा कि भारत सांविधानिक लोकतंत्र से चुनावी लोकतंत्र की ओर तेजी से बढ़ रहा है। हाल में संपन्न हुए चुनाव विजेता और पराजित, दोनों के लिए सबक हैं। आम सबक यह है कि विजेता के पास मजबूत संगठन, प्रतिबद्ध कैडर के अलावा सफल चुनावी

अभियान और कुशल प्रबंधन है। गुजरात में भाजपा के पास ये चारों चीजें थीं, जिनके कारण उन पर सत्ता–विरोधी लहर का कोई असर ही नहीं हुआ। दूसरी तरफ, हिमाचल प्रदेश के विधानसभा और दिल्ली नगर निगम के चुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा को चुनौती देने वाली कांग्रेस और आप के पास भी ये चारों चीजें थीं। इस कारण दोनों जगह भाजपा को सत्ता–विरोधी लहर का नुकसान झेलना पड़ा। तीन जगह हुए तीन चुनावों में तीन राजनीतिक पार्टियों की जीत निराशा के गहन अंधेरे में आशा की किरण की तरह है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## नये वर्ष का सेलिब्रेशन सुरक्षित वैधानिक नैतिक सद्भावपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से करें एडीजी जोन

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन ने आगामी नूतन वर्ष–2023 के आगमन के अवसर पर गोरखपुर जोन की समस्त जनता को अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपील की गयी है कि नये वर्ष का सेलिब्रेशन सुरक्षित, वैधानिक, नैतिक, सद्भावपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से करें तथा इस निमित्त कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें। इसके अतिरिक्त जोन के सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षकगण को नये वर्ष पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था चुस्त– दुरूस्त रखने हेतु अधोलिखित कड़े निर्देश भी निर्गत किये गये हैं। एडीजी जोन ने कहा कि डीजे एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों को न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देश पर रात्रि 10 बजे के बाद डीजे आदि किसी भी दशा में न चलाया जाए, साथ ही कोई भी ध्वनि/ संगीत इतनी अधिक तीव्रता में न चलायी जाए जिससे आम जनमानस को परेशानी का सामना करना पड़े। नये वर्ष के आगमन पर जनता द्वारा किये जाने वाले सेलिब्रेशन को सुरक्षित, सद्भावपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण बनाने हेतु नए वर्ष की पूर्व संध्या पर 31 दिसम्बर 2022 को सांय 5 बजे से ही अभियान चलाकर भारी संख्या में पुलिस बल की टीमें गठित करें शराब पीने वालों की चेकिंग हेतु ब्रीद एनलाइजर व अन्य जरूरी उपकरण भी हों और सादी वर्दी में पुलिस




एवं इंटेलिजेंस की टीमों को भी लगाया जाये जिनका कार्य सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, रास्तों, पार्कों, चौराहों, होटलों, सिनेमा हाल एवं मॉल, मोहल्ले के नुक्कड़ों, रेलवे एवं बस स्टेशनों आदि महत्वपूर्ण स्थानों पर सतर्क दृष्टि रखकर शराब पीकर हुड़दंग एवं उदण्डता, वाहन चलाने, बाईक स्टंट बाजी करने, फब्तियां कसने, छेड़खानी करने, झगड़ा लड़ाई करने वाले आदि व अन्य असमाजिक व अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए सख्त से सख्त कार्यवाही करना होगा। किसी भी दशा में कोई भी अप्रिय घटना घटित न होने पाए। साथ ही यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करें कि नए साल के सेलिब्रेशन पर आम जनमानस को किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या न हो एवं कानून एवं शांति व्यवस्था पूरी तरीके से बनी रहे। सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षकगण तथा जनता को नए वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षा का संकल्प लेने हेतु भी निर्देश दिये।

## मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा अयोध्या लखनऊ रेलपथ का लिया गया जायजा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सुगम,समयबद्ध तथा संरक्षित रेल परिचालन एवं रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में पूर्ण समर्पण के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल निरंतर इस क्षेत्र में नवीन उपलब्धियों हेतु अग्रसर है। मंडल द्वारा रेल यात्रियों को निर्धारित समय पर उनके गंतव्य तक पहुंचाने ,मालगाड़ियों के निर्बाध एवं समयबद्ध संचालन जैसे अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए ,मंडल पर प्रत्येक दिवस पर आवागमन करने वाली समस्त ट्रेनों को निर्बाध गति से संचालित करने हेतु सम्पूर्ण मंडल की परिधि में आने वाले रेल पथों पर विभिन्न प्रकार के विकास कार्य प्रगति पर हैं । इन्हीं समस्त कार्यों का जायजा लेने के लिया आज दिनांक 29.12.22 को मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त,श्री शैलेश कुमार पाठक का लखनऊ आगमन हुआ ।अपने आज के इस आगमन के दौरान मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ने मंडल रेल प्रबंधक,श्री सुरेश कुमार सपरा एवं मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ विंडो ट्रेलिंग करते हुए अयोध्या–लखनऊ रेलखंड का बारीकी से निरीक्षण किया एवं इस रेलखंड पर चल रहे विकास कार्यों को गहनता से परखा। उन्होंने मुख्यतः संरक्षित रेल संचालन ,सिग्नलिंग



प्रणाली,रेलवे ट्रैक के उचित रख रखाव ,समपार फाटकों की व्यवस्था एवं संचालन, रेलपथ पर अवैध रूप से आवागमन करने वाले अराजक तत्वों तथा जानवरों से पटरियों की सुरक्षा ,सर्दियों के मौसम में कोहरे के कारण कम दृश्यता होने पर गाड़ियों का संरक्षित संचालन जैसे अनेक बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए अपना आज का निरीक्षण किया एवं इन समस्त कार्यों का अवलोकन करते हुए इस सम्बन्ध में अपने सुझाव एवं निर्देश पारित किये। अयोध्या जं. स्टेशन पर मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ने स्टेशन के नवनिर्मित भवन की दिशा में चल रहे कार्यों ,स्टेशन की आधारभूत संरचनात्मक परिवर्तन के मॉडल का विधिवत अवलोकन किया एवं स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के उन्नयन,हेतु किये जाने वाले कार्यों इत्यादि का विधिवत जायजा लेते हुए समस्त कार्यो को निर्धारित समय सीमा में उच्च मानकों के आधार पर संपन्न करने की बात कही।

## "हमारा आँगन, हमारे बच्चे" कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) : शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र शाहाबाद पर "हमारा आँगन, हमारे बच्चे" कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आदरणीय उपजिला अधिकारी महोदय द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में आदरणीय खण्ड विकास अधिकारी महोदय , सीडीपीओ महोदया की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शाहाबाद, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बिलहरी, कम्पोजिट सिकंदरपुर कल्लू , उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहाबाद एवं प्राथमिक विद्यालय आगापुर के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की झलकियां प्रस्तुत की गयीं। कार्यक्रम का उद्बोधन आदरणीय खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा किया गया जिसमें महोदय ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में आदरणीय उपजिला अधिकारी महोदय द्वारा सफल शैक्षिक कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की गयी। कार्यशाला में सर्वाधिक उपस्तिथि वाले विभिन्न विद्यालयों से 10 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो नोडल संकुल क्रमशः अशोक कुमार सिंह जी व रवि प्रकाश जी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दो आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों क्रमशः संगीत देवी, चंद्रपुर खैराई व सुषमा देवी, वासितनगर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक शीलमित्र द्विवेदी, प्राथमिक विद्यालय गहोरा व शिक्षिका स्वेता सिंह और दिव्या सचान को संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय आगापुर में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्म्मनित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मो तैय्यब जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर ए०आर०पी० शिवम गुप्ता नोडल शिक्षक , नोडल संकुल एवं बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

## सड़कों को सुंदर बनाने में जुटा नगर निगम : लगाए जाएंगे शो वाले पौधे

वाराणसी ब्यूरो : जी–20 की तैयारियों के मद्देनजर नगर निगम की ओर से शहर को सुंदर बनाया जाएगा। इसके लिए प्रमुख सड़कों के किनारे शो वाले पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए सड़कों का चयन होना बाकी है। अपर नगर आयुक्त राजीव कुमार राय ने बताया कि वीवीआईपी मार्गों के अलावा अन्य मार्गों को भी लिया जाएगा। कुछ मार्गों पर डिवाइडरों पर भी गमले रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभी इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। जिन सड़कों के किनारे कच्ची जमीन होगी। वहां पर पौधरोपण कराया जाएगा। ट्री गार्ड लगाए जाएंगे। इसके लिए उद्यान विभाग को व्यवस्था की जिम्मेदारी दी जाएगी। पौधों को बचाने के लिए ट्री गार्ड भी लगाए जाएंगे। कुछ जगहों पर लाइटिंग भी कराई जाएगी ताकि दूर से देखने



में शो वाले पौधे और बेहतर दिखाई पड़े। सड़क की ओर झुकने वाले पौधे की डालियों की छंटाई होगी ताकि दूर से देखने में पौधे आकर्षक लगे। कई चौराहों पर हरियाली को दिखाया जाएगा ताकि बाहर से आने वाले मेहमानों के सामने शहर की बेहतर छवि जाए।

## एसएसपी ने पैदल गश्त कर कराया सुरक्षा का अहसास

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर शहर के व्यस्तम क्षेत्रों में पैदल गस्त सुरक्षा का अहसास कराया भीड़भाड़ वाली जगहों पर आम जनमानस मिले मातहतों को निर्देश दिया कि शाम के समय निश्चित रूप से पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद बनाएं ।आगामी नववर्ष को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए,ताकि अराजक तत्वों पर शिकंजा कसा जा सके। दुकानदारों से आह्वान किया कि अपने आसपास किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए बाजार में पैदल गश्त अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि शहर व जनपद की सुरक्षा व्यवस्था और भी चाक–चौबंद बनाने के लिए प्रमुख स्थानों पर सीसी कैमरे लगाए जा रहे जिससे अपराध व अपराधियों पर बराबर नजर रखी जा रही। पुलिसकर्मियों की दिन–रात ड्यूटी लगाई गई जा रही भीलवाड़ा वाले स्थानों के आसपास एंटी रोमियो



स्क्वाड का मूवमेंट बढ़ा दिया गया है,ताकि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ जैसी घटनाएं न हों ।अराजक तत्वों को चिन्हित कर उन पर नजर रखी जा रही ।व्यवस्था में बाधा आने पर इनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी और ये जेल भेज जाएंगे ।इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई क्षेत्राधिकारी कैंट योगेंद्र सिंह इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय सहित अन्य चौहान मौजूद रहे।

## आइजे डिजाइन अवार्ड्स में "बेस्ट नेकलेस डिजाइन" अवार्ड से किया गया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ ।उत्तर भारत की अग्रणी ज्वेलरी चेन ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स को प्रतिष्ठित आइजे डिजाइन अवार्ड्स के "बेस्ट नेकलेस डिजाइन" अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जयपुर में आयोजित अवार्ड फंक्शन में मशहूर बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता भूपति ने यह अवार्ड दिया। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स की तरफ से श्री अतुल सराफ, श्री वैभव सराफ, श्रीमती दीपिका सराफ व श्रीमती वंदना सराफ ने यह अवार्ड ग्रहण किया। पूरे भारत से 1000 से अधिक प्रविष्टियों में से चुनी गई 133 ज्वेलरी पीसेज में से जूरी ने फाइनल अवार्ड लिस्ट के लिए 22 को फाइनल किया। इसमें ब्राइडल सेट्स, नेकलेस, रिंग्स, डिजाइनर ब्रेसलेट्स शामिल थे। इन ज्वेलरी पीसेज में से ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स द्वारा डिजाइन किए गए नायाब नेकलेस को "बेस्ट नेकलेस डिजाइन" कैटेगरी में अवार्ड दिया गया। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स को बेस्ट नेकलेस डिजाइन, बेस्ट ब्राइडल डिजाइन गोल्ड, बेस्ड ब्रेसलेट डिजाइन और एक्सेसरी ज्वेलरी ऑफ द ईयर केटेगरीज में नॉमिनेट किया गया। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स को प्राप्त



हुआ यह 23वां सम्मान है। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स को 21 राष्ट्रीय व दो अंतरराष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर बोलते हुए ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के चेयरमैन श्री अतुल सराफ ने कहा, "देश भर के नामी ज्वेलर्स के बीच अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता का प्रदर्शन कर "बेस्ट नेकलेस डिजाइन" अवार्ड प्राप्त करना ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के लिए बेहद गौरवशाली क्षण है। हम अपने सम्मानित ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हमें अनवरत अपना सहयोग और समर्थन दिया, जिससे हम लगातार अपने ज्वेलरी डिजाइन्स को बेहतर बनाते आ रहे हैं।"

## आग से जिंदा जली 95 साल की वृद्धा : चारपाई के नीचे अलाव जलाकर सोई थी : परिजनों को नहीं लगी भनक

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के बड़ागांव क्षेत्र में बीती रात दर्दनाक हादसा हुआ। ठंड से बचने के लिए चारपाई के नीचे अलाव जलाकर सोई वृद्धा की आग में जलकर मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को अलसुबह हुई जब वृद्धा के कमरे से दुर्गंध आने लगी। दिल दहलाने वाला मंजर जिसने भी देखा उसका कलेजा सिहर उठा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बड़ागांव थाना क्षेत्र के वाजिदपुर गांव निवासी दूजा देवी (95) नामक वृद्धा कई दिनों से बीमार थी। परिजनों के मुताबिक, उनका उपचार चल रहा था। गुरुवार शाम रिश्तेदार भी घर पर पहुंचे और उनके पास बैठकर हालचाल पूछा। रात में ठंड होने के चलते घर की महिलाएं अलाव जलाकर उनके पास बैठी थीं। दूजा देवी जब गहरी नींद में चलीं गईं तो महिलाएं उनके पास से दूसरे कमरे में चली गईं। जबकि चारपाई के नीचे अलावा जलता रहा। रात को जब सभी लोग सो रहे थे, तभी अलाव की चिंगारी बिस्तर में छू गई, जो धीरे–धीरे भीषण आग में बदल गई। परिजनों को इसकी भनक तक नहीं लगी। चारपाई पर बची केवल हड्डियां जिस आग को बुजुर्ग महिला को ठंड से बचने को जलवाई गई थी, उसी आग में उनकी जलकर मौत हो गई। शरीर पूरी तरह से जल गया। सुबह चार बजे परिजनों की नींद खुली तो तेज दुर्गंध



आई। वृद्धा के कमरे में गए तो पैरों तले से जमीन खिसक गई। पूरा कमरा धुएं से भरा था। किसी तरह हिम्मत कर लोग अंदर पहुंचे तो वृद्धा बुरी तरह से जली मिली। केवल हड्डियां बची थी। चारपाई का भी तीन हिस्सा पूरी तरह जल चुका था। नजारा देख परिवार के लोग चीखने चिल्लाने लगे। देखते ही देखते गांव के लोग वहां जुट गए। सूचना पर पहुंची बड़ागांव थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। दूजा देवी के तीनों बेटो शंकर, मास्टर और मातिवार सहित पूरे परिवार का बुरा हाल है। घटना को लेकर गांव में तरह–तरह की चर्चा चल रही है। दूजा देवी के पति बागेश्वर यादव की करीब 50 साल पहले ही मौत हो चुकी है।

## घने कोहरे में रोडवेज बस पिकअप और कार की भिड़ंत : आधा दर्जन लोग घायल

गोरखपुर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद की बरहज तहसील अंतर्गत भलुअनी थाना क्षेत्र में बारीपुर गांव के समीप शुक्रवार सुबह घने कोहरे में परिवहन निगम की बस व पिकअप की आमने–सामने मे भिड़ंत हो गई। इसमें करीब आधा दर्जन व्यक्ति हुए हैं। हादसे के बाद यात्रियों में चीख–पुकार मच गई। दुर्घटना देख आसपास के लोग जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को का प्राथमिक उपचार कराया। वहां से उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया। शुक्रवार की सुबह बनारस से पडरौना के लिए खजूर से लदा पिकअप जा रहा था। इसी बीच देवरिया से बरहज की तरफ जा रही बस ने सामने से ठोकर मार दी। इससे बस में सवार यात्रियों को हल्की चोट लगी। वहीं पिकअप चालक रतन पुत्र पारसनाथ ग्राम शिवपुर वाराणसी भी चोटिल हो गए। मौके पर पहुंचकर डॉक्टर एसके तोमर ने घायलों का उपचार किया।



बस और पिकअप में भिड़ंत होने के बाद देवरिया की तरफ से आ रही ब्रेजा कार अनियंत्रित होकर बस में पीछे से जा भिड़ी। कार सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस व पिकअप को थाने ले गई। इंस्पेक्टर भलुअनी बृजेश मिश्र ने बताया कि घने कोहरे के कारण एक के बाद एक तीन वाहन भीड़ गए। बड़ा हादसा होने से बच गया। किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।

# संजय अस्थाना बनाए गए जिलाध्यक्ष : ग्रामीण पत्रकार एसोशिएसन जौनपुर इकाई की बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पत्रकारिता साहस का कार्य है, चुनौती पूर्ण है, पत्रकारिता करना एक दुरूह कार्य है जिसमे परेशानियां भी आती रहती है। इन्ही परेशानियों को दूर करने के लिए पत्रकार संगठन होते है। जो समय समय पर पत्रकार की समस्या का निराकरण करते या करवाते है उपरोक्त बाते महेंद्र नाथ सिंह प्रदेश महासचिव ने उपस्थित पत्रकार बंधुओ को संबोधित करते हुए कही। ग्रामणी पत्रकार एसोशियेसन की एक पूर्व निर्धारित बैठक पत्रकार भवन में आहूत थी।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। वाराणसी मंडल अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह ने पूर्व में गठित जौनपुर इकाई को तत्काल प्रभाव से भंग किया। पूर्व जिलाध्यक्ष विरेंद्र मिश्र विराट ने नए जिलाध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ पत्रकार संजय अस्थाना का नाम प्रस्तावित किया, जिसे उपस्थित सभी साथियों ने करतल ध्वनि से पारित किया। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष संजय अस्थाना ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया, साथ ही कहाकि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, उसको पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। आए हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया



गया। इस मौके पर सी. बी तिवारी जिलाध्यक्ष वाराणसी, घनश्याम तिवारी जिलाध्यक्ष गाजीपुर, जय आनंद, गुलाब चंद्र पांडेय, श्याम रतन श्रीवास्तव, दया शंकर निगम, राजेश श्रीवास्तव, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक ,वीरेंद्र पांडेय, विरेंद्र गुप्ता, शशि राज सिन्हा, नीरज सिंह, राज कुमार सिंह, लक्ष्मी नारायण मौर्या, राहुल पाठक, संजय सिंह, मसूद अहमद,मनीष श्रीवास्तव, तामीर हसन शिबू, आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रदीप पांडेय ने किया।

# स्वास्थ और साफ सफाई के प्रति जागरूक रहें छात्राएं – डा. अंकिता राज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : करंजाकला ब्लाक के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के परिसर में भारतीय रेडक्रास सोसायटी की जौनपुर शाखा की तरफ से कार्यक्रम आयोजित कर सौ छात्राओं के बीच




हाइजिन किट वितरित कर स्वच्छता एवं स्वास्थ के प्रति जागरूक किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डा. अंकिता राज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शुद्ध जल, स्वस्थ भोजन, एवं नियमित व्यायाम कर मन मस्तिष्क को स्वस्थ रखा जा सकता है। स्वस्थ नागरिक ही देश व समाज के विकास में अपना समुचित योगदान दे सकता। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना कर उनके हौसले को बढ़ाते हुए निडर व स्वावलंबी बनने की सीख दी। बीएसए डा० गोरखनाथ पटेल ने छात्राओं को रेडक्रास के बारे में विस्तार से बताते हुए जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। रेडक्रास सोसायटी के सचिव डा० मनोज वत्स ने कहा कि आज छात्राएं प्रत्येक क्षेत्र में अपने ज्ञान, कौशल, व हुनर का लोहा मनवा रही हैं, किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं, उम्मीद है कि आप लोग भी शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर अन्य लोगों को भी जागरूक करने का काम करेंगी । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा० अंकिता राज द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात स्वागत गीत रिया,सुप्रिया द्वारा प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का स्वागत वार्डेन किरण बाला मिश्रा संचालन पुष्पा राय, तथा आभार कोषाध्यक्ष डा० संदीप पाण्डेय ने ज्ञापित किया।

# साप्ताहिक खाद्य उद्योग मेले से लाभान्वित हो रहें हैं उद्यमी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत सरकार द्वारा संचालित आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आम जनमानस को खाद्य प्रसंस्करण से सम्बंधित उद्योगो को स्थापित करने एवं पहले से चल रहे उद्योगो के उन्नयन के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, जौनपुर तथा युवाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था रोट्रैक्ट क्लब जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में कृषि भवन परिसर स्थित लोहिया पर्यावरणीय पार्क में तीसरे खाद्य उद्योग मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न तहसीलों के किसान, प्रतिष्ठित उद्यमी, युवा सम्मिलित हुए। सचिव पीएमएफएमई जौनपुर श्रीमती ममता सिंह यादव द्वारा लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि एक जिला एक उत्पाद के तहत जौनपुर को दुग्ध उद्योग के लिए चुना गया है, दुग्ध उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को वरीयता दी जा रही है, अब तक जिले से 20 उद्यमियों की फाइल विभाग द्वारा अग्रसारित की जा चुकी है, आप अपनी सुविधानुसार इस योगना के तहत नवीन उद्योगो की स्थापना एवं उद्योगो का उन्नयन कर सकते हैं। रोट्रैक्ट क्लब अध्यक्ष कुँवर शेखर गुप्ता ने उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि खाद्यान उत्पाद आधारित व्यवसाय कभी भी घाटे में नही रहता है, हमेशा लाभ देते रहते हैं, इस योजना का लाभ लेकर किसान भी अपने फसल का प्रसंस्करण करके नये– नये उत्पाद का सृजन कर सकते हैं और अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ सुरेन्द्र सोनकर कृषि वैज्ञानिक ने आगंतुको को तकनीकी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन रोट्रैक्ट क्लब जौनपुर के सचिव कुलदीप योगी द्वारा किया गया। इस अवसर पर रोट्रैक्ट क्लब अध्यक्ष कुँवर शेखर गुप्ता, सचिव कुलदीप योगी, कोषाध्यक्ष अनन्या गुप्ता,




शशिकांत, अरशद अली, प्रतीक यादव, दिव्या पाल, उद्यान विभाग से उद्यान निरीक्षक रविन्द्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह, भोला प्रजापति, वंशराज प्रजापति, सुभाष सिंह, अंशुल चतुर्वेदी, पंकज सिंह, पीयूष सिंह, विष्णु गौड़, आदित्य मौर्य, विद्याधर राय विद्यार्थी समेत सैकड़ो उद्यमी उपस्थित रहे। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा यह सूचित किया गया कि रोट्रैक्ट क्लब जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने तथा उन्हे जागरुक करने के लिए ऐसे कार्यशाला का आयोजन प्रत्येक बृहस्पतिवार को लोहिया पर्यावरणीय पार्क में किया जाएगा, जिसमें दुग्ध उद्योग से साथ – साथ बेकरी से सम्बन्धित, दलहन एवं तिलहन उद्योग, पशु एवं मुर्गी चारा उद्योग, फल आधारित उत्पाद उद्योग, हर्बल उत्पाद उद्योग, मशरूम उत्पादन, मसाला आधारित उद्योग, आचार मुरब्बा सिरका उद्योग सहित बीस अन्य उद्योगो की स्थापना एवं उन्नयन के लिए सरकार द्वारा विशेष सब्सिडी प्रदान की जा रही है, उक्त योजना के बारे में विस्तार से जानने के लिए इच्छुक लाभार्थी जिला उद्यान विभाग के आफिस अथवा रोट्रैक्ट क्लब के ऑफिस में सम्पर्क कर सकते हैं।

# प्रदेशीय सब–जूनियर बालिका हैण्डबाल एवं वॉलीबाल खो–खो प्रतियोगिता में कुल 50 टीमों ने किया प्रतिभाग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेल निदेशालय उ०प्र० एवं उ०प्र० हैण्डबाल संघ के समन्वय से जिला खेल कार्यालय, इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम सिद्दीकपुर, जौनपुर में 28 से 31 दिसम्बर, 2022 तक प्रदेशीय सब–जूनियर बालिका हैण्डबाल प्रतियोगिता एवं प्रदेशीय महिला वॉलीबाल/खो–खो प्रतियोगिता में उ0प्र0 के समस्त मण्डलों की लगभग कुल 50 टीमों ने प्रतिभाग किया। खेले गये हैण्डबाल मैच का विवरण इस प्रकार है– पहला मैच कानपुर मण्डल बनाम अलीगढ़ मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें अलीगढ़ की टीम ने 11–08 से कानपुर को पराजित किया। दूसरा मैच मिर्जापुर मण्डल और वाराणसी मण्डल के मध्य हुआ जिसमें वाराणसी ने 11–02 से मिर्जापुर को पराजित किया। तीसरा मैच में लखनऊ मण्डल ने 17–05 से आगरा मण्डल को पराजित किया। चौथा मैच गोरखपुर मण्डल बनाम अयोध्या मण्डल के मध्य हुआ जिसमें अयोध्या मण्डल की टीम 15–07 से गोरखपुर मण्डल को पराजित किया। पांचवा मैच देवीपाटन मण्डल बनाम झाँसी मण्डल के मध्य हुआ जिसमें झाँसी की टीम ने देवीपाटन मण्डल को 10–01 से पराजित किया। छठा मैच बस्ती मण्डल बनाम मेरठ मण्डल के मध्य हुआ जिसमें बस्ती की टीम ने मेरठ मण्डल को 15–00 से पराजित किया। सातवां मैच गोरखपुर मण्डल बनाम कानपुर मण्डल के मध्य हुआ जिसमें गोरखपुर की टीम ने कानपुर मण्डल को 10–02 से पराजित किया। आठवां मैच अयोध्या मण्डल बनाम अलीगढ़ मण्डल के मध्य हुआ जिसमें अयोध्या की टीम ने अलीगढ़ मण्डल को 20–06 से पराजित किया। नौवां मैच सहारनपुर मण्डल बनाम मुरादाबाद मण्डल के मध्य हुआ जिसमें मुरादाबाद की टीम ने सहारनपुर मण्डल को 06–04 से पराजित किया। वॉलीबाल मैच का विवरण इस प्रकार है– पहला क्वार्टर फाइनल मैच प्रयागराज मण्डल



व लखनऊ मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें सीधे सेट में लखनऊ की टीम ने प्रयागराज को पराजित किया। दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच बस्ती मण्डल व बांदा मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें बस्ती की टीम सीधे सेट में विजयी रही। तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच आगरा मण्डल व वाराणसी मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें वाराणसी की टीम सीधे सेट में मैच अपने पक्ष में किया। चौथा क्वार्टर फाइनल मैच कानपुर मण्डल व गोरखपुर मण्डल के मध्य हुआ जिसमें गोरखपुर की टीम ने सीधे सेट में कानपुर की टीम को पराजित किया। महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता में लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर एवं बस्ती मण्डल की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल कल दिनांक 30 दिसम्बर, 2022 को खेला जायेगा। खो–खो मैच का विवरण इस प्रकार है– वाराणसी, आजमगढ़, आगरा, मेरठ, बस्ती, देवीपाटन, लखनऊ एवं झाँसी ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पहला क्वार्टर फाइनल मैच वाराणसी एवं लखनऊ, दूसरा आजमगढ़ एवं झॉसी, तीसरा आगरा एवं बस्ती तथा चौथा क्वार्टर फाइनल मैच देवीपाटन एवं मेरठ मण्डल के बीच खेला जायेगा। महिला वॉलीबाल एवं खो–खो का फाइनल मैच 30 दिसम्बर, 2022 को खेला जायेगा। उक्त दोनों प्रतियोगिताओं के समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जौनपुर होंगे।

# एसडीएम और सीओ ने शराब की दुकानों का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला प्रशासन की तरफ से चलाएं गए मादक पदार्थ अभियान के तहत मुंगराबादशाहपुर नगर व आसपास के इलाकों में गुरुवार को एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया और क्षेत्राधिकारी अतर सिंह व प्रभारी निरीक्षक विवेक तिवारी ने आबकारी विभाग के साथ देशी व अंग्रेजी शराब व वियर की दुकानों पर छापा मारी की। नगर के नई बाजार, मछलीशहर रोड, गजराजगंज त्रिमुहानी व धौराहरा आदि स्थानों पर सघन चेकिंग किया। इससे दुकानों में अफरा तफरी मच गई। इस दौरान स्टाक रजिस्टर,बिल व अन्य कागजातों के साथ शराब की क्वालिटी का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया ने चेतावनी दिया कि किसी प्रकार की मिलावटी व अवैध शराब की बिक्री नहीं होना चाहिए। निर्धारित रेट पर विक्री किया जाए। दुकान पर भीड़ भाड़ नहीं लगनी चाहिए। दुकान निर्धारित समय से खुलना व बंद होना चाहिए। अगर नियमों का पालन नही किया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ने लोगों से अपील किया कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध शराब बन रही हो अथवा विक्री हो रही है तो उसकी सूचना थाने में दें।

# थाना पवाँरा पुलिस ने चोरी की बैटरी के साथ शातिर चोर को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर जौनपुर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष राजनारायन चौरसिया व उ0नि0 शितलू राम मय हमराही कर्मचारीगण द्वारा दिनांक 28.12.2022 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 139/2022 धारा 379 भा0द0वि0 में मुखबिर खास की सूचना पर ऊँचडीह से दिनांक 29.12.2022 को मुकदमा उपरोक्त मे अभियुक्त रोहित कुमार यादव पुत्र शिवकुमार यादव नि0 ऊँचडीह थाना पवारा जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तारशुदा अभियुक्त उपरोक्त की निशानदेही पर चोरी गये टैक्टर की 02 अदद बैटरी को बरामद किया गया । आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



गिरफ्तार अभियुक्त– 1. रोहित कुमार यादव पुत्र शिवकुमार यादव नि0 ऊँचडीह थाना पवारा जनपद जौनपुर उम्र करीब 20 वर्ष अपराधिक इतिहास दृ 1. मु0अ0स0 139/2022 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना पवाँरा जनपद जौनपुर। बरामद माल– 1. चोरी की हुई दो बैटरी गिरफ्तारी/बरामदगी पुलिस टीम – 1. थानाध्यक्ष श्री राज नरायन चौरसिया थाना पवांरा जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री शितलू राम थाना पवांरा जनपद जौनपुर ।3. हे0का0 सर्वेश कुमार सिंह थाना पवांरा जनपद जौनपुर। 4. का0 आशीष यादव थाना पवांरा जनपद जौनपुर ।

# दूसरे दिन भी नहर में मिले पंद्रह मृत गोवंश : लगातार मिल रहे मृत पशु के शव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के रयां गांव में लगातार दूसरे दिन भी नहर में पंद्रह गोवंश के शव तैरते हुए मिले। मृत गोवंश को देखकर ग्रामीणों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी। एक दिन पूर्व इसी स्थान पर पंद्रह गोवंश के शव मिले थे जिसे जेसीबी से गड्ढा खोदकर दफन कराया गया। गुरुवार को सुबह फिर ग्रामीणों ने गोवंश के शव देखा तो प्रशासन को सूचित किया। मौके पर नायब तहसीलदार, लेखपाल, सचिव, प्रधान समेत अन्य लोग पहुंच गए। जेसीबी की सहायता से गड्ढा खोदकर उसमें दफन किया गया। जिला प्रमुख बजरंगदल दुर्गेश उपाध्याय, देवेंद्र सिंह, मनोज सिंह रिंकू, सौरभ मिश्र, अवधेश मौर्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे।इस मामले में पूछने पर पशु चिकित्सा अधिकारी विनोद कुमार मौर्य ने कहा की ये गोवंश नहर में कही बाहर से बहकर आ रही है यहां बंधक बना है इसलिए इसमें आकर फस जाती है किसी पशु के बीमारी से मरने के संभावना नहीं है।

# थाना सुजानगंज पुलिस ने हत्या करने के आरोपी दो अभियुक्तों रंजित कुमार बिन्द व रमाकान्त मिश्र को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर मय हमराही के द्वारा हत्या के आरोप में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 264/2022 धारा 302/34/120बी/420 भादवि के अभियुक्तगण रंजित कुमार बिन्द पुत्र सुरेन्द्र बिन्द नि0 ग्राम पोखरा थाना सुजानगज जनपद जौनपुर व रमाकान्त मिश्र पुत्र स्व0 कमला प्रसाद मिश्र निवासी ग्राम हरईपुर थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर को दिनांक 29.12.2022 गिरफ्तार किया गया । जिनको गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण– 1.रंजित कुमार बिन्द पुत्र सुरेन्द्र बिन्द नि0 ग्राम पोखरा थाना सुजानगज जनपद जौनपुर। 2.रमाकान्त मिश्र पुत्र स्व0 कमला प्रसाद मिश्र निवासी ग्राम हरईपुर थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0सं0 264/2022 धारा 302/34/120बी/420 भादवि थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः– 1.निरिक्षक घनश्याम शुक्ल थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 2.का0 सतीश कुमार,का0 अनुज कुमार,का0 विसर्जन यादव,का0 प्रमोद कुमार गोड़ थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर।

# 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के गजरमऊ गांव में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पांडे ने हमराही सिपाहियों के साथ न्यायालय ए एस जे स्पेशल पॉक्सो एक्ट के आदेश पर पास्को के वांछित अभियुक्त दीपक उपाध्याय पुत्र राजकुमार उपाध्याय के घर पर 82 सीआरपीसी की नोटिस का चश्पा गुरुवार को किया है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक पांडे ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन के क्रम में नोटिस चस्पा करने के बाद डुगडुगी पिटवा कर आदेश का तमिला कराया है। डुगडुगी के दौरान लोगों से बताया गया है कि यदि दीपक उपाध्याय कहीं मिलता है तो उसे नोटिस के बारे में जानकारी दें ताकि समय से वह न्यायालय में हाजिर हो सके अन्यथा की दशा में उसके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की जाएगी।

# गेंहु और जौ के किसान न करें कोहरे की चिंता : आलू मटर सरसों आदि फसलों के किसान कोहरे से रहे सावधान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मौसम में बदलाव होने से किसान चिंतित हैं। कोहरे की वजह से जहां वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है, वहीं पाले से फसलों को नुकसान हो सकता है। आलू, सरसों व अरहर की फसल को लेकर किसानों की चिता बढ़ गई है। पाले के नुकसान से बचाने के लिए किसानों ने फसलों की हल्की सिंचाई करनी शुरू कर दी है, मौसम में बदलाव की वजह गिरते तापमान और कोहरे, पाले की वजह से फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इन दिनों मौसम को लेकर किसान चिंतित हैं। घने कोहरे और पाला पड़ने की संभावना प्रबल है। अगर ऐसे ही पारा गिरता रहा तो इसका सबसे ज्यादा असर फसलों पर पड़ेगा। कोहरे से प्रभाव व फायदे के बारे में बात करने पर वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक व अध्यक्ष कृषि विभाग केंद्र अमहित डॉक्टर संजीत कुमार ने बताया कि कोहरे से गेहू, जौ को कोई नुकसान नहीं होने वाला है, वही आलू, गोभी, पत्ता गोभी सरसो व मटर, मसूर, चना जैसी दलहन के किसानों को सावधानी बरतने की विशेष जरूरत है, विशेष रूप से आलू , व मटर के फसल को सबसे ज्यादा नुकसान झेलना पड़ सकता है, संजीत कुमार ने बताया कि अभी तो स्थिति लगभग सामान्य है अगर एक दो दिन में मौसम खुल जाता है तो किसी भी फसल को नुकसान नही होना चाहिए, लेकिन स्थिति अभी समान्य होना मुश्किल लग रहा है, अगर कोहरे की स्थिति और बिगडती है तो आलू की फसल में जनरली ब्लाइट (झुलसा) लगता है, झुलसा दो नामो से जाना जाता है, पहले बोए बीज जिसे अगैती फसल कहा जाता है उसमें लगने वाले झुलसा को अगैता झुलसा, कहते हैं और जो बाद में बोए है उनको पछैता झुलसा कहा जाता है, इनके निदान के लिए एक फंजीसाइड है मनकोजैब इसका दो ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी के हिसाब से मिलाएंगे और एक एकड़ फसल में दो सौ लीटर पानी चहिये, किसान भाई इसका समान रूप से छिड़काव करदे, और इसका छिड़काव हल्की धूप में अगर किया जाए तो और बेहतर होगा। अगर किसान भाई प्राकृतिक खेती की तरफ रुझान रखते हैं जैसा कि सरकार का अभियान चल रहा है, तो किसान भाई बाजार में आसानी से उपलब्ध है 100 ग्राम नीला थोथा 100 ग्राम खड़ा गन्धक ये दोनों सस्ते दामों पर मिल जाएगा, इनको बारीक पीसकर दोनो को एक–एक ग्राम मिलाकर एक लीटर पानी में डाल दे और पानी मे अच्छे से मिला ले और अगर पानी को उबाल सकते हैं तो नीला थोथा व गन्धक के पाउडर को उबलते हुए पानी में डाल दे, और रातभर उस पानी को किसी बर्तन से ढककर ठंडा होने के लिए छोड़ दे, नहितो कोई छोटा जानवर जैसे चूहा बिल्ली आदि के उसमे गिरने से मौत हो सकती है, एक एकड़ फसल के लिए दो सौ लीटर का घोल अगर तैयार करना है तो दो सौ ग्राम नीला थोथा और दो सौ ग्राम गन्धक मिलाकर घोल बनाकर समान मात्रा में छिड़काव करदे, इससे फसल को सुरक्षित रखा जा सकता है, और पर्यावरण को कोई हानि नहीं होगी, और कम लागत में छिड़काव हो जाएगा व आसानी से उपलब्ध हो जाएगा, धोखाधड़ी से भी बचा जा सकता है, सरसो के खेत में फलिया लग रही है इस स्थिति में अगर खेत सूखा है तो थोड़ी सिचाई करदे सिचाई उतनी ही करनी है जितना पानी कुछ घण्टो में सुख जाए नहितो बड़ी फसल को रात में हवा चलने से गिरने का खतरा बढ़ जाता है, और झोला नामक रोग का खतरा बढ़ जाता है जिससे सारी फसल सफेद हो जाएगी और फलिया में दाना नही बनेगा, सिचाई करने से कोहरे (पाले) से बचाव होगा, फलियों का आकार बड़ा होगा, और बेहतर ग्रोथ होगा, एहतियात के तौर पर रात के समय जब तेज हवा न चल रही हो उस समय सिचाई करना बेहतर होगा। गन्ने के किसान चिंता न करे कोहरे से गन्ने की फसल को कोई नुकसान नहीं होगा, फिरभी कोहरे की स्थिति देखते हुए हल्की सिचाई से गन्ने की फसल को फायदा होगा। डॉ. संजीत कुमार ने कहा कि गेहू धान के साथ एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाते हुए सब्जियों की खेती, फलों की खेती, मशरूम की खेती, मुर्गी पालन, बत्तख पालन, मछली पालन, मधुमक्खी पालन, बकरी पालन, गाय, भैंस पालन ये सब करे हालांकि ये सभी किसान नही कर सकते लेकिन अपने सुविधा अनुसार करें, और इन सब चीजों से हमेशा कुछ न कुछ आय का स्रोत बना रहेगा, और इसके गोबर से कम्पोस्ट खाद भी बनाकर उपयोग में लिया जा सकता है इससे किसान का खाद का खर्च भी बचेगा और शुद्ध मुनाफा मिलेगा। –डॉक्टर संजीत कुमार वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक व अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र अमिहित केराकत, सम्बध आचार्य नरेंद्र देव यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर एन्ड टेक्नोलॉजी

# छुट्टा पशुओं के आतंक से लोग परेशान : किसानों ने नगर पंचायत को सौंपा ज्ञापन

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली (हरदोई) : आवारा छुट्टा जानवरों के आतंक से परेशान नगर के सैकड़ों किसानो ने शुक्रवार को भाजपा नेता कुलदीप मिश्रा के नेतृत्व में नगर पंचायत पहुंच कर ईओ को संबोधित एक ज्ञापन वरिष्ठ लिपिक बबलू दीक्षित को सौंपा। शासन–प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद आवारा छुट्टा जानवरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है जिसको लेकर पाली नगर के सैकड़ों किसानों ने भाजपा नेता कुलदीप मिश्रा के साथ नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी प्रकाश चंद्र गोपालन को संबोधित एक ज्ञापन वरिष्ठ लिपिक बबलू दीक्षित को सौंपा दिया है। ज्ञापन में मांग की गयी है कि यदि 48 घंटे के अंदर जानवरों को नहीं पकड़ा गया तो हम लोग उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगे। इस मौके पर भाजपा नेता कुलदीप मिश्र ने किसानों के गुस्से को जायज ठहराते हुए कहा कि हाड़कपाऊ कड़ाके की ठंड के बीच ठिठुरता किसान सर्द रातों में सरहद की तरह अपने खेतों की रखवाली करने के लिए मजबूर है। इस मौके पर प्रमुख रूप से अजय कुमार मिश्रा, राहुल, ऋषि कांत, उमेश कुमार, लालाराम, रामचरण, समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# दो पुलिस उप अधीक्षक का तबादला : आईपीएस पीयूष आनंद सीआईएसएफ में एडीजी बने

लखनऊ ब्यूरो : सरकार ने दो पुलिस उपाधीकों का तबादला कर दिया है। उप्र पॉवर कारपोरेशन मध्यांचल में तैनात संतोष सिंह को उन्नाव भेजा गया है। वहीं, मुजफ्फरनगर में तैनात राकेश कुमार सिंह को आगरा कमिश्नरेट में एसीपी बनाया गया है। केंद्र सरकार ने यूपी काडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पीयूष आनंद को प्रतिनियुक्ति पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर तैनात किया है। गृह मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि प्रदेश सरकार ने बीते मंगलवार को ही पीयूष



आनंद को एडीजी रेलवे के पद से हटाकर पुलिस मुख्यालय में एडीजी प्रशासन के पद पर तैनात किया था। पीयूष 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

## लुधियाना शहर से कमाकर घर लौट रहे तारुन के मंसा दूबेपुर निवासी रामलोचन की यात्री बस में हुई मौत

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) : लुधियाना शहर से कमाकर परिवार के साथ घर लौट रहे तारुन थाना क्षेत्र के सोनौरागाऊपुर मजरे मंसा दूबेपुर निवासी राम लोचन कोरी उम्र करीब 50 वर्ष की यात्री बस में बुधवार की रात यात्रा करते समय मौत हो गयी। बस के चालक व परिचालक ने अयोध्या बाईपास पर परिवार को उतारने के बजाय उन्हें पड़ोसी जिले के बस्ती टोल प्लाजा के पास स्थित एक बाथरुम के पास देर रात उतार दिया।मृतक के साथ आ रही उनकी पत्नी बेटे बेटी की सूचना पर उनके अन्य परिवारीजन व रिश्तेदार पिकप वाहन से शव लेकर पैतृक गांव ले लाये।यहां गुरुवार को परिजनों ने मृतक के शव को दफन कर दिया।मृतक की बेटी सिल्की के अनुसार उनके पिता राम लोचन लुधियाना शहर में बाबा मुकुंद सिंह जैन कालोनी में माँ प्रभावती,भाई कृष्णा, के साथ रहते थे।जो बस से सभी लोगो के साथ पैतृक गांव आ रहे थे। बस के चालक परिचालक ने अयोध्या फैजाबाद बाईपास रात बस रोकने की जगह पड़ोसी जिले बस्ती टोल प्लाजा के पास रात 10.30 बजे के करीब उन्हें ले जाकर उतार दिया।बस रुकने पर देखा पिता जी की मृत्यु हो गयी हैं। बताया उन्हें सांस फूलने की बीमारी थी।रात सूचना परिजनों सहित रिश्तेदारों को दी तो गांव से पिकप लेकर लोग वहां पहुँचे तो शव लेकर रात घर आ गये।गुरुवार को गांव के करीब पिता की शव को दफन कर दिया गया।

## फर्जी भर्ती में आयकर के बड़े अफसर भी शामिल : मिले सुबूत : कमरा नंबर 329 था फर्जीवाड़े का सेंटर

लखनऊ ब्यूरो : आयकर निरीक्षक की फर्जी भर्ती में विभाग के बड़े अधिकारियों का भी हाथ होने के पुख्ता सुबूत पुलिस को मिले हैं। फर्जीवाड़े का यह सारा खेल मुख्यालय के कमरा नंबर 329 से हुआ। इसी कमरे में बैठकर मुख्य आरोपी प्रियंका ने बेरोजगारों से ठगी की। उनसे रुपये वसूले और जाली नियुक्ति पत्र दिया। मामले की विवेचना में पुलिस कई अधिकारियों की कुंडली जुटा चुकी है। वहीं, गिरोह के कुछ सदस्य जो गैर प्रांत से ताल्लुक रखते हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। गिरोह में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा अन्य सरकारी विभागों के कर्मचारी, वकील व मीडियाकर्मी भी शामिल हैं। पुलिस इनका ब्योरा जुटा रही है। आयकर निरीक्षक की फर्जी भर्ती का राज विभाग के मुख्यालय स्थित कमरा नंबर 329 में बंद है। फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद से ज्यादातर समय यह कमरा बंद रहा है। सूत्रों के मुताबिक यह कमरा दो बड़े अधिकारियों के नाम से आवंटित है। इन अधिकारियों के करीबी कर्मचारी इसमें बैठते हैं। यहां किसी बाहरी का प्रवेश वर्जित है। इसके बावजूद प्रियंका मिश्रा इस कमरे में बैठकर इतना बड़ा गिरोह संचालित कर रही थी। हालांकि, विभागीय अधिकारियों ने शुरुआती पड़ताल के दौरान इस मामले में मुख्यालय के कैफेटेरिया का नाम लेकर जांच दूसरी तरफ मोड़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की पूछताछ में प्रियंका ने सारे राज उगल दिए। इसके बाद पुलिस ने इस कमरे की पूरी डिटेल खंगालनी शुरू की। पुलिस के मुताबिक इस कमरे से जुड़े कुछ कर्मचारियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। रुपये का लेनदेन भी ऑनलाइन हुआ पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि बेरोजगारों से नौकरी दिलाने के नाम पर 50 हजार से 15 लाख रुपये तक की वसूली की गई। इसमें से ज्यादातर रकम ऑनलाइन किस्तों में वसूली गई। इसका रिकॉर्ड भी पुलिस के हाथ लग गया है। इसकी पूरी जानकारी भी संबंधित ऑनलाइन भुगतान कंपनी से हासिल कर ली गई है, जिसके आधार पर कुछ अधिकारी भी जांच के दायरे में आ गए हैं। इन अधिकारियों के खाते में भी इसी ऑनलाइन नंबर से भुगतान किया गया है। वहीं, कुछ अधिकारियों के करीबियों ने रुपये का लेनदेन किया है। इन सभी को नोटिस




भेजकर पूछताछ की जाएगी। चार की तलाश में गैर प्रांत में दबिश फर्जीवाड़े की जांच कर रही हजरतगंज पुलिस ने गैर प्रांत के ऐसे चार लोगों को चिह्नित किया है, जो गिरोह के सक्रिय सदस्य थे। इनके जरिये कई बेरोजगार प्रियंका के संपर्क में आए थे। इनकी कुंडली खंगाली गई, जिसमें कई सुराग हाथ लगे हैं। इस आधार पर पुलिस टीम दिल्ली, एनसीआर, हरियाणा में इनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पिकप भवन में तैनात अधिकारी की अहम भूमिका आयकर विभाग के पिकप भवन स्थित कार्यालय में तैनात अधिकारी 'श्रीवास्तव' की भूमिका भी सामने आ गई है। उनकी और मुख्य आरोपी प्रियंका के बीच हुई बातचीत का रिकॉर्ड पुलिस के हाथ लगा है। दो महीने की कॉल डिटेल में 'श्रीवास्तव' व प्रियंका के बीच 50 बार बातचीत हुई। यह बातचीत दो से 12 मिनट तक की है। इन दोनों के बीच बैंक खातों में लेनदेन की भी पुष्टि हुई है। पड़ताल में सामने आया कि पिकप भवन में तैनात अधिकारी ने ही प्रियंका को मुख्यालय में प्रवेश दिलाया था। इस अधिकारी का मुख्यालय में काफी दखल है। इसी ने मुख्यालय के अधिकारियों से प्रियंका का परिचय कराया और बैठने से लेकर सारी सुविधाएं उपलब्ध कराईं। सूत्रों के मुताबिक इस अधिकारी के खिलाफ सीबीआई जांच भी चल रही है। 100 से ज्यादा लोगों से की ठगी पुलिस की जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी प्रियंका मिश्रा ने आयकर निरीक्षक बनाने के नाम पर सिर्फ सात बेरोजगारों से ही ठगी नहीं की है, वह 100—125 लोगों को शिकार बना चुकी है। यह बात उसने कुबूल भी की है। उसके गिरोह का नेटवर्क लखनऊ से लेकर दिल्ली तक फैला है। यह था मामला आयकर विभाग में निरीक्षक पद पर फर्जी भर्ती का खुलासा 22 नवंबर को हुआ था। मुख्यालय प्रत्यक्ष कर भवन में खुलेआम फर्जीवाड़ा चल रहा था। कई बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र देने के लिए प्रत्यक्ष कर भवन बुलाया गया था। इसका खुलासा होते ही मुख्य आरोपी व पूर्व संविदाकर्मी प्रियंका मिश्रा सहित उसके दो सहयोगियों सूरज व लक्ष्मीनारायण चतुर्वेदी को गिरफ्तार किया गया था।

## गुरु गोविंद सिंह जी के 357वें प्रकाशोत्सव पर मोतीझील प्रांगण में निशुल्क होम्योपैथिक शिविर आयोजित

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोतीझील प्रांगण में आरोग्यधाम की ओर से श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 357 वे प्रकाशोत्सव के अवसर पर निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा एवं दवा वितरण का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन आरोग्यधाम के संस्थापक श्री आरआर मोहन एवं इंडियन इंडस्ट्रीज कोऑपरेटिव सोसायटी कानपुर के चेयरमैन श्री विजय कपूर एवं ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के अध्यक्ष श्री संजय कपूर ने दीप प्रज्वलन करके किया। कैंप में बदलते मौसम में डेंगू, चिकनगुनिया, वायरल निमोनिया एवं कोल्ड डायरिया के साथ असाध्य रोग जैसे कि पथरी, चर्मरोग, भगंदर, बच्चेदानी, एक्जिमा, दमा, उक्त रक्तचाप, मधुमेह, डिप्रेशन, सर्दी, खांसी आदि के 1150 मरीजों का निशुल्क परीक्षण कर निशुल्क दवाएं वितरित की गई। आरोग्य धाम के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ आरती मोहन ने महिलाओं से संबंधित रोग जैसे मासिक अनियमित, बच्चेदानी में गांठ, बांझपन, श्वेत प्रदर आदि के लिए होम्योपैथिक दवाओं का सहारा ले रहे हैं। वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ हेमंत मोहन ने बताया कि होम्योपैथिक दवाएं असाध्य रोगों में कारगर सिद्ध हुई है। कैंप में बुजुर्ग में दमा, उक्त रक्तचाप, मधुमेह व छोटे बच्चों में निमोनिया व चर्म रोग एवम कोल्ड डायरिया के अधिक मरीज पाए गए। कैंप में कानपुर नगर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ हेमंत मोहन, डॉ आरती मोहन, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ कार्तिक विश्नोई ने 1150 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर



दवाएं वितरित की। कैंप का समापन आरोग्यधाम के संस्थापक श्री आरआर मोहन ने आए हुए अतिथियों एवं चिकित्सकों का धन्यवाद करके किया। शिविर में गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष हरविंदर सिंह लॉर्ड, सुखविंदर सिंह लाडी, पंजाबी अकादमी के वरिष्ठ सदस्य गुरविंदर सिंह छाबड़ा, आर एन खन्ना (इलाहाबाद बैंक) , यू. इन. तिवारी , श्री कृष्ण दीक्षित जी ( बड़े जी ) ,किशोर आहूजा ,शिरीष शुक्ला, पारस मदान , अनुज अवस्थी, सत्यम शुक्ला, पवन गुप्ता, गौरव पांडे, हीरालाल शर्मा , हर्षित त्रिपाठी अभिषेक सिंह ,श्रुति शर्मा, कशिश गुप्ता,अंकित शुक्ला ,राधा तिवारी ,शिवम खन्ना, एडवोकेट रामकिशन, जेपी सिंह,सरदार सल्ली सिंह, सरदार रणजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, तरनजीत सिंह सहित अनेक गणमान्य एवं सम्मानित व्यक्ति उपस्थित थे।

## फोकस सैंपलिंग की तैयारी करें बाजार बस अड्डे रेलवे स्टेशन में कराएं जांच –ब्रजेश पाठक

लखनऊ ब्यूरो : कोरोना की संभावित लहर को रोकने के लिए तैयारी पूरी करें। इसके लिए फोकस सैंपलिंग भी कराई जाए। जिससे समय पर संक्रमण के प्रसार का पता लगाकर उसे रोका जा सके। बस अड्डे, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और बाजार के आसपास फोकस सैंपलिंग का खाका तैयार किया जाए। ये निर्देश बृहस्पतिवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिए। उन्होंने सभी सीएमओ को भीड़भाड़ वाले इलाकों में फोकस सैंपलिंग की तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोर, मिष्ठान भंडार संचालक, टैंपो चालक, ठेले—खोमचे वालों की स्क्रीनिंग की जाए और उनकी कोरोना जांच अनिवार्य रूप से कराएं। मौके पर एंटीजन जांच की जाए। अगर इसमें कोई पॉजिटिव मिलता है तो उसकी आरटीपीसीआर जांच कराई जाए। जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भी नमूने भेजे जाएं। उन्होंने कहा कि लोगों को मास्क लगाने और सैनेटाइजेशन के लाभ के बारे में जागरूक किया जाए। बाजार व सार्वजनिक स्थलों में



नियमित रूप से सैनेटाइजेशन कराया जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आईसोलेशन, आईसीयू और वेंटिलेयर का समय समय पर संचालन करें। ताकि अनहोनी की दशा में आसानी से निपटा जा सके। अभी बचाव पर अधिक फोकस किया जाए। कोरोना पॉजिटिव के संपर्क में आने वाले कम से कम 50 से 60 लोगों की जांच कराई जाए। हर जिले में अभियान चलाकर स्क्रीनिंग कराएं।

## हेराफेरी कर 54 लोगों ने बैंक से निकाले 12.67 करोड़ : केसीसी बनवाकर किया खेल

गोंडा ब्यूरो : भारतीय स्टेट बैंक की कृषि शाखा में 12 करोड़ 67 लाख रुपये के भुगतान में हेराफेरी का मामला सामने आया है। बैंक में 54 लोगों ने केसीसी बनाकर धन की निकासी किया। किसी ने केसीसी से निकाले गए धनराशि को जमा भी नहीं किया है, जबकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पहले निकाली गई धनराशि जमा करनी होती है। बैंक में हेराफेरी का मामला आंतरिक जांच में सामने आया है। इसके बाद बैंक में खलबली मची है। शाखा प्रबंधक अनिल कुमार ने कोतवाली नगर में तहरीर दी है। पुलिस अभी मामले की छानबीन में जुटी है। भारतीय स्टेट बैंक कृषि शाखा में केसीसी बनवाकर ऋण निकालने का खेल साल 2015 से शुरू हुआ। इस साल में चार लोगों ने पहले रुपये निकाले। इसके बाद साल 2016 में छह लोगों ने निकाले और साल 2018 में 10 लोगों ने केसीसी से रुपये निकाले और फिर जमा नहीं किया। साल 2019 में 33 लोगों और साल 2020 में एक ने केसीसी बनवाया। इस तरह पांच सालों में 54 लोगों ने किसान के रूप में केसीसी बनवाकर रुपये निकाले। बैंक को लगातार रुपये जमा न होने पर आंतरिक जांच शुरू हुई तो मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद बैंक में खलबली मची है। फिलहाल अब मामले की जांच पुलिस कर रही है। शाखा प्रबंधक की ओर से दी गई तहरीर के हिसाब से मामले




की छानबीन हो रही है। केसीसी बनवाने वालों ने कई और बैंकों में खोला खाता भारतीय स्टेट बैंक कृषि शाखा में जिन लोगों के मामले पकड़ में आए हैं, उन लोगों ने अन्य बैंकों में भी खाता खुलवा लिया था। इससे संदेह और बढ़ गया। बैंक ने खातों की जांच किया तो फर्जीवाड़ा सामने आया। अब किसान बनकर केसीसी बनवाने वाले ही खोजे नहीं मिल रहे हैं। बैंक में केसीसी बनवाकर धनराशि निकाली गई है। इन लोगों ने अन्य बैंकों में भी केसीसी खाते खुलवाए हैं। एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। — अनिल कुमार, शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक कृषि शाखा शाखा प्रबंधक की तहरीर मिली है, जानकारी किया जा रहा है। जांच के बाद मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। — राकेश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर

## चोलापुर में चोरों का आतंक : एक ही रात आभूषण की तीन दुकानों से लाखों की चोरी : व्यापारियों में आक्रोश

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के चोलापुर क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाओं ने पुलिस की नींद उड़ा दी है। वहीं व्यापारी और ग्रामीण भी दहशत में हैं। बीती रात क्षेत्र के हाजीपुर बाजार स्थित आभूषण की तीन दुकानों पर चोरों ने धावा बोला और लाखों के आभूषण उड़ा ले गए। एक साथ तीन दुकानों से करीब 40 लाख रुपये की चोरी से इलाके में सनसनी मच गई। घटना को लेकर व्यापारियों में जबरदस्त आक्रोश है। शुक्रवार को विरोध में हाजीपुर बाजार बंद रहा। चोलापुर पुलिस की कार्यशैली को लेकर व्यापारियों ने कई गंभीर सवाल उठाए। चोरी और हंगामे की सूचना पर पहुंचीं डीसीपी आरती सिंह ने व्यापारियों को समझा—बुझाकर शांत कराया। उन्होंने कहा कि घटना का खुलासा जल्द होगा। पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पतरही निवासी रमाशंकर सेठ कि हाजीपुर में आभूषण दुकान है। बीती रात चोरों ने इनकी दुकान में सेंध मारी और लाखों रुपये के जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गए। रमाशंकर सेठ के साथ बीते 19 दिसंबर को लूट हुई थी। दुकान से घर जाते समय बदमाशों ने असलहे के दम पर रमाशंकर सेठ से नगदी, जेवरात और बाइक लूट ली थी। पीड़ित के शोर मचाने और पुलिस के पीछा करने पर बदमाश बाइक छोड़कर भाग निकले थे। इस घटना को पुलिस ने संदिग्ध मानकर तफ्तीश की। मगर, पीड़ित ने अपना वीडियो जारी करते हुए घटना की जानकारी दी। अभी इस



लूट का खुलासा तक नहीं हो पाया। वहीं चोरों ने अब उनके प्रतिष्ठान पर धावा बोल दिया। घटना से रमाशंकर सेठ काफी आहत हैं। उन्होंने कहा कि मेरा तो सबकुछ बर्बाद हो गया। इसके अलावा दानगंज निवासी स्वर्ण व्यवसायी दीपचंद सेठ और नियार निवासी पिंटू सेठ की आभूषण दुकानों में भी चोरों ने सेंधमारी की। तीनों दुकानों से 40 लाख रुपये से ज्यादा की चोरी हुई है। व्यापारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी स्वर्णकार सभा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सेठ ने बताया कि चोलापुर में तैनात पुलिस अधिकारी काम नहीं कर पा रहे हैं। हाल के दिनों में चोरी व लूट की घटनाएं बढ़ी हैं। व्यापारियों ने धरना—प्रदर्शन भी किया लेकिन पुलिस मामले का खुलासा नहीं कर सकी। डीसीपी से पूरे थाना क्षेत्र को बदलने की मांग की गई है। कहा कि यदि कार्रवाई नहीं होती है तो स्वर्णकार सभा आंदोलन करेगा। वहीं हाजीपुर के व्यवसायियों ने ताबड़तोड़ चोरी की घटना को लेकर आक्रोश जाहिर किया। नारेबाजी की।

## चंदौली में बड़ा हादसा: बीच सड़क ऑक्सीजन सिलेंडर फटा : दो लोगों के उड़े चिथड़े मचा हड़कंप

चंदौली ब्यूरो : मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के रविनगर स्थित दयाल हॉस्पिटल के पास शुक्रवार की सुबह गाड़ी से उतारते समय ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ब्लास्ट इतना तेज था कि दो किमी तक इसकी आवाज सुनाई दी। दोनों व्यक्ति के शरीर के चिथड़े उड़ गए। घटना के बाद हड़कंप मच गया। रविनगर कॉलोनी काफी बड़ी कॉलोनी मानी जाती है। शुक्रवार की सुबह 10.12 बजे दयाल हॉस्पिटल के सामने मैजिक पर लदे ऑक्सीजन सिलेंडर को दो लोग उतार रहे थे। वहीं पास से ईंट लदा ट्रैक्टर भी गुजर रहा था। इतने में एक सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। दो लोगों के चिथड़े उड़ गए। मौके पर दोनों की मौत हो गई। 100 मीटर तक दोनों के मांस के चिथड़े बिखरे हुए थे। यह विभत्स दृश्य देखकर हर किसी के रोंगटे खड़े हो गए। सूचना पर तुरंत मौके पर सीओ अनिरूद्ध सिंह पहुंच गए और आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं। मृतकों की पहचान राजन और चंद्रभान के तौर पर हुई है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें एक ट्रैक्टर दूसरी ओर से आता हुआ दिख रहा है। ट्रैक्टर जैसे ही गाड़ी के आगे निकलता है। वैसे ही तेज धमाका हो जाता है।

## ब्राह्मण महासभा के अधिवेशन में राजस्थान के राज्यपाल आमंत्रित –डॉ अनीता मिश्रा

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : विश्व ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनीता मिश्रा ने राजस्थान के राज्यपाल को ब्राह्मण अधिवेशन के लिए आमंत्रित किया ब्राह्मण अधि



वेशन में आने के लिए स्वीकृति प्रदान करते हुए राज्यपाल ने कार्यक्रम की सफल होने की शुभकामनाएं भी दी। विश्व ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती डॉ अनीता मिश्रा ने गुरुवार को राजस्थान के राज्यपाल माननीय महामहिम कलराज मिश्र को विश्व ब्राह्मण महासभा द्वारा जनवरी 2023 में प्रयागराज में हो रहे तीन दिवसीय ब्राह्मण अधिवेशन व सम्मान समारोह के लिए आमंत्रित किया आमंत्रण को स्वीकार करते हुए महामहिम कलराज मिश्र ने महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनीता मिश्रा जी को कार्यक्रम के सफल होने की बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान समय में इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से समाज और संस्कृति को अच्छे संदेश जाएंगे ब्राह्मणों ने हमेशा राष्ट्र हित की बात की है राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना से ही ब्राह्मणों के सभी कार्य होते रहें ब्राह्मण समुदाय वाह समुदाय है जिसने भारतीय संस्कृति और सनातन को अब तक संजोकर रखा हुआ है आमंत्रण देने के समय विश्व ब्राह्मण महासभा के तमाम पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ उपस्थित रहे। यह जानकारी विश्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## नए साल का जश्न मनाएं जरा संभल कर : किया हुड़दंग तो जाएंगे जेल

गोरखपुर ब्यूरो : पुलिस ने नए साल के जश्न के बीच अव्यवस्था फैलाने वालों से निपटने की तैयारी कर ली है। सड़कों पर निकलने वालों को सुरक्षा दी जाएगी, तो हुड़दंग करने वालों को जेल की हवा खानी पड़ेगी। एडीजी अखिल कुमार ने इस संबंध में जोन के सभी



एसएसपी, एसपी को पत्र जारी किया है। कहा गया है कि किसी भी सूरत में बिना अनुमति के जश्न ना होने पाए। सड़कों पर खुले में जश्न मनाते मिलने पर कार्रवाई की जाए। शराब के नशे में मिलने वालों पर भी सख्त कार्रवाई करें। शहर के सभी मॉल, प्रमुख बाजार, सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस का पहरा रहेगा। बिना वर्दी में पुलिस वाले मौजूद होंगे, ताकि महिलाओं के साथ छेड़खानी, छिनैती जैसी घटना ना होने पाएं। शराब पीकर लोग सड़कों पर ना घूमे इसके लिए जगह—जगह पुलिस चेकिंग भी करेगी। नियम तोड़ने पर जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। दस बजे तक ही बजा सकेंगे डीजे अगर मोहल्ले में न्यू ईयर की तैयारी कर रहे हैं, तो इसकी अनुमति प्रशासन से लेनी होगी। इसमें दस बजे के नियम का पुलिस सख्ती से पालन कराएगी। इस अवधि के बाद डीजे या तेज आवाज में गाना बजाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गोरखपुर जोन एडीजी अखिल कुमार ने कहा कि जोन के सभी एसएसपी/एसपी को पत्र लिखा गया है कि वे अपने जिले में तैयारी पूरी कर लें। सुरक्षा में कहीं चूक नहीं होनी चाहिए। जो नियम कानून तोड़ेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।